Chapter 01

# जीव–जगत (THE LIVING WORLD)

## TOPIC WISE QUESTIONS

**Q.1** मेयर ने जाति का कौनसा सिद्धान्त दिया है :
(1) स्थैतिक संकल्पना
(2) जैविक संकल्पना
(3) टोपोलोजिकल संकल्पना
(4) आनुवांशिक संकल्पना

**Q.2** वंश किसका संबधित एक समूह है
(1) वर्ग (2) संघ (3) जाति (4) गंण

**Q.3** सजीवों का समूह जो आपस में समानता रखते हैं तथा प्रकृति में स्वतन्त्र रूप से आपस में प्रजननशील होते हैं, कहलाता है :
(1) जाति (2) वंश (3) कुल (4) वर्गक

**Q.4** ICBN पहली बार प्रकाशित हुई थी :
(1) 1961में (2) 1964 में (3) 1975 में (4) 1753 में

**Q.5** शब्द टैक्सोन (वर्गक) दर्शाता है :
(1) एक जाति का नाम
(2) एक वंश का नाम
(3) कुल का नाम
(4) किसी भी पद का वर्गिकी समूह

**Q.6** किस किताब ने वर्गिकी वैज्ञानिकों की विचारधारा को सर्वाधिक प्रभावित किया :
(1) इन्क्वायरी ऑफ प्लांट्स
(2) ओरिजन ऑफ लाइफ
(3) जेनेरा प्लांटेरम
(4) ओरिजन ऑफ स्पीशीज

**Q.7** वर्गीकरण की आधारभूत/सूक्ष्मतम इकाई है :
(1) वंश (2) जाति (3) गण (4) उपरोक्त सभी

**Q.8** ज्ञात और वर्णित जातियों की संख्या ......... सीमा में हैं। (लगभग)
(1) 1.3 से 1.4 मिलियन (2) 1.4 से 1.5 मिलियन
(3) 1.7 से 1.8 मिलियन (4) 1.9 से 2.2 मिलियन

**Q.9** पादप नामकरण का अर्थ होता है :
(1) पादपों को बिना किसी नियमों के नाम देना
(2) अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के अन्तर्गत पादपों का नामकरण करना
(3) पादपों का नामकरण सामान्य भाषा में करना
(4) पादपों का नामकरण अंग्रेजी भाषा में करना

**Q.10** वर्गिकी में शामिल है :
(1) पादप वर्गीकरण (2) पादप नामकरण
(3) पादप सहसम्बन्ध (4) उपरोक्त सभी

**Q.11** निम्न में से कौनसा सही नाम है:
(1) *Solanum tuberosum*
(2) *Solanum Tuberosum*
(3) *Solanum tuberosum* Linn.
(4) उपरोक्त सभी

**Q.12** वर्गीकरण पद्धति (सिस्टेमेटिक्स) किससे सम्बन्धित है :
(1) वर्गीकरण (2) नामकरण
(3) पहचान (4) उपरोक्त सभी

**Q.13** जातिवृत्तीयता का अर्थ है :
(1) प्राकृतिक वर्गीकरण (2) विकासीय वर्गीकरण
(3) विकासीय इतिहास (4) शैवाल की उत्पत्ति

**Q.14** ICZN का पूरा नाम क्या है।
(1) इंटरनेशनल कॉड ऑफ जूलोजीकल नोटिफिकेशन
(2) इंटरनल कॉड ऑफ जू नेमिंग
(3) इंडियन कॉड ऑफ जूलोजीकल नोटिफिकेशन
(4) इंटरनेशनल कॉड ऑफ जूलोजीकल नोमेनकलेचर

**Q.15** सिस्टेमा नेचुरी पुस्तक किसने लिखी :
(1) लिनियस (2) मेयर (3) जॉन रे (4) डी कैन्डोले

**Q.16** जो जनन नही करते है।
(1) खच्चर (2) कामगार मधुमक्खी
(3) अनुर्वर मानव युगल (4) उपरोक्त सभी

**Q.17** 20वीं सदी के डार्विन" किन्हें कहा जाता है।
(1) जॉन रे (2) लेमार्क
(3) अर्नेस्ट मेयर (4) डार्विन

**Q.18** भाग का निर्माण होता है :
(1) कई गणों के मिलने से
(2) कई कुलों के मिलने से
(3) कई वर्गों के मिलने से
(4) कई ट्राइब के मिलने से

**Q.19** उच्च पादपों में नई जाति का निर्धारण करने के लिए कौनसे लक्षण प्रयोग में लाये जाते हैं :–
(1) नई जाति के पुष्पीय लक्षण
(2) नई जाति के शारीरिकीय लक्षण
(3) नई जाति के कार्यिकी लक्षण
(4) भ्रूणपोष के लक्षण

**Q.20** वर्गिकी के मौलिक तत्व हैं
(1) केवल विशेषीकरण और पहचान
(2) केवल विशेषीकरण, पहचान और वर्गीकरण
(3) केवल विशेषीकरण, वर्गीकरण और नामकरण
(4) विशेषीकरण, पहचान, वर्गीकरण एवं नामकरण

**Q.21** निम्नलिखित में से कौनसा कथन बाह्य उद्दीपन के प्रति सजीवों की प्रतिक्रिया के संबंध में सही है
(1) बाह्य पर्यावरणीय उद्दीपन भौतिक रासायनिक या जैविक हो सकते है
(2) सभी सजीवों में प्राकेरियोटिक से लेकर मुख्य जटिल यूकेरियोटिक पर्यावरणीय उद्दीपनो के प्रति उत्तरदायी होते है
(3) चेतना और बाह्य उद्दीपनों के प्रति सजीवों की प्रतिक्रिया परिभाषित गुण है
(4) उपरोक्त सभी

**Q.22** अधिकांश वानस्पतिक नाम किस भाषा में लिखे गये हैं :
(1) जर्मन भाषा में (2) ग्रीक भाषा में
(3) लेटिन भाषा में (4) स्पेनिश भाषा में

**Q.23** वर्गीकरण में काम आने वाले सभी संवर्ग मिलकर बनाते है:
(1) वर्गिकी (2) वर्गीकरण पद्धति
(3) वर्गिकी पदानुक्रम (4) वर्गिकी समानताऐं

**Q.24** नामकरण के सम्बन्ध में कौनसा कथन सत्य है :
(1) वंश के नाम का पहला अक्षर बड़ा तथा जातिय नाम का पहला अक्षर छोटा होता है।
(2) वैज्ञानिक नामों को इटेलिक्स में छापा जाता है।
(3) वैज्ञानिक नामों को जब टाइप किया जाये या हाथ से लिखा जाये तो उन्हें अलग–अलग रेखांकित करना चाहिए
(4) उपरोक्त सभी

**Q.25** निम्न में से कौनसा सत्य है ?
(1) ऊत्तकों के लक्षण उसके संघटक कोशिकाओं में नही पाये जाते परन्तु संघटक कोशिकाओं के अर्न्तक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न होते हैं
(2) कोशिकांग के लक्षण आण्विक संघटन में नही पाये जाते परन्तु कोशिकांग के आण्विक संघटक की अर्न्तक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न होते है
(3) (1) व (2) दोनों
(4) सचेतना केवल कुछ ही जीवों का अभिलाक्ष्णिक गुण है

**Q.26** जन्तु, स्तनधारी और कुत्ता प्रदर्शित करते है :
(1) विभिन्न स्तर पर अलग–अलग वर्गक
(2) समान स्तर पर अलग–अलग वर्गक
(3) विभिन्न स्तर पर समान वर्गक
(4) उपरोक्त सभी

**Q.27** निम्न कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िये :
(i) वर्गीकरण एकल सोपान प्रक्रम है
(ii) वर्गीकरण में पदानुक्रम सोपान होते है जिसमें प्रत्येक सोंपान पद अथवा वर्ग को प्रदर्शित करता है।
(iii) वर्गक पारिस्थितिक पदानुक्रम की ईकाई होती है
(iv) कीट एक जाति को प्रदर्शित करता है
(v) ये वर्गिकी वर्ग/सवंर्ग सुस्पष्ट जैविक इकाईयाँ है, ना कि केवल आकारिकीय समूहन
उपरोक्त में से कितने कथन सत्य है ?
(1) पांच (2) तीन (3) दो (4) एक

**Q.28** जब हम वर्गिकीय पदानुक्रम में जाति से जगत की तरफ जाते है, तो सामान्य लक्षण (common characteristics):
(1) घटते है
(2) बढ़ते है
(3) समान रहते है
(4) घट भी सकते है, बढ़ भी सकते है

**Q.29** निम्न में से कौनसा सजीवो का विशिष्ट अभिलाक्षणिक गुण है ?
(1) वृद्धि
(2) आवाज करने की क्षमता
(3) जनन
(4) बाह्य उद्दीपनों के प्रति अनुक्रिया

**Q.30** पृथ्वी पर स्थित जीवों की संख्या तथा प्रकार बनाते है :
(1) वर्गिकी (2) पादप विविधता
(3) जन्तु विविधता (4) जैविक विविधता

**Q.31** वह प्रक्रिया जिसमें कुछ सरलता से दृश्य गुणों के आधार पर किसी को सुविधाजनक वर्ग में विभाजित किया जाता है, कहलाती है :
(1) जैविक विविधता (2) वर्गीकरण
(3) पहचान (4) नामकरण

**Q.32** वह प्रक्रिया जिसमें जीवविज्ञानी सार्वजनिक मान्य नियमों (सिद्धान्तो) का अनुकरण करते हुऐ किसी जीव का नाम देते है, कहलाती है :-
(1) पहचान (2) वर्गीकरण
(3) नामकरण (4) वर्गीकरण पद्धति

**Q.33** आधुनिक वर्गीकरण अध्ययन के आवश्यक आधार क्या है?
(1) बाह्य व आन्तरिक संरचना
(2) कोशिका संरचना
(3) विकासीय प्रक्रम व पारिस्थितिक सूचनाऐं
(4) उपरोक्त सभी

**Q.34** पादपों और जन्तुओं के लिए वैज्ञानिक नाम क्रमशः ......... और ......... के द्वारा प्रतिपादित किए जाते हैं
(1) ICZN, ICBN (2) ICNB, ICNCP
(3) ICBN, ICZN (4) ICTV, ICVCN

# ANSWER KEY

## TOPIC WISE QUESTIONS

| Que. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans. | 2 | 3 | 1 | 1 | 4 | 4 | 2 | 3 | 2 | 4 | 3 | 4 | 3 | 4 | 1 |
| Que. | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| Ans. | 4 | 3 | 3 | 1 | 4 | 4 | 3 | 3 | 4 | 3 | 1 | 3 | 1 | 4 | **4** |
| Que. | 31 | 32 | 33 | 34 | | | | | | | | | | | |
| Ans. | 2 | 3 | 4 | 3 | | | | | | | | | | | |

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR